हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

**अनमोल वचन**

जो रुक गया वो हार गया, जो चल पड़ा वो जीत गया,मंज़िल उसी की होती है जिसने खुद पर विश्वास किया।
मंज़िल मिलेगी ज़रूर, बस कदम बढ़ाते रहना

शुक्रवार 26 जून 2026 बर्ष 02 अंक 166 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

## संभावित बाढ़ व सुखाड़ से निपटने की तैयारी पूरी

## 233 राहत शिविर और 294 सामुदायिक रसोई केंद्र चिह्नित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा की जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को संभावित बाढ़ एवं सुखाड़–2026 की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति में राहत, बचाव और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 16,595 पॉलीथीन शीट उपलब्ध हैं। संभावित बाढ़ को देखते हुए जिले के सभी 20 अंचलों में 233 राहत शिविर तथा 294 सामुदायिक रसोई केंद्र चिह्नित किए गए हैं। इन केंद्रों पर नोडल पदाधिकारियों सहित आवश्यक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि महानंदपुर (बिहारशरीफ) स्थित जिला आपदा प्रतिक्रिया एवं प्रशिक्षण केंद्र में एसडीआरएफ की 20 सदस्यीय टीम तैनात है। आवश्यकता पड़ने पर पटना के बिहटा से एनडीआरएफ की एक टीम भी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, आपदा संपूर्ति पोर्टल पर संभा. वित लाभुकों की प्रविष्टि एवं मृत लाभुकों के नाम हटाने का कार्य सभी अंचलाधिकारियों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल तथा अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा तटबंधों का संयुक्त निरीक्षण किया गया है। जहां मरम्मत की आवश्यकता है, वहां दो दिनों के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। कृषि विभाग की तैयारियों की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए आकस्मिक फसल योजना तैयार कर ली गई है। खरीफ–2026 के लिए वैकल्पिक फसलों के बीजों का चयन भी किया जा चुका है।




संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति में डीजल अनुदान योजना तथा कृषि इनपुट अनुदान योजना के संचालन की भी तैयारी कर ली गई है।पशुपालन विभाग की ओर से बताया गया कि जिले में 44 प्रकार की पशु दवाएं उपलब्ध हैं। सभी 20 प्रखंडों में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां संचालित हैं तथा 21 सोलर कैटल ट्रफ स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा जिले के 20 अंचलों में 42 पशु राहत शिविर स्थलों का चयन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अनुमंडलीय अस्पतालों में 19 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं, ताकि आपदा की स्थिति में लोगों को त्वरित चिकित्सा सु. विधा उपलब्ध कराई जा सके। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सभी पंचायतों में भू–जल स्तर की प्रतिदिन निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। जिले में 20 मरम्मत दल खराब चापाकलों की मरम्मत में लगे हैं। आवश्यकता के अनुसार 80 पानी के टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है तथा 153 स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है।बैठक में बताया गया कि जिले की सड़कों पर स्थित पुल–पुलियों के वेंट की सफाई करा दी गई है। विद्युत विभाग द्वारा ढीले तारों को दुरुस्त कर सुरक्षित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्य पूरे कर लिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि पेयजल एवं अन्य आपदा संबंधी शिकायतों के लिए जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24 घंटे कार्यरत है। इसके लिए दूरभाष संख्या 06112–233168 तथा मोबाइल नंबर 8789858336 जारी किया गया है। वहीं, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के नियंत्रण कक्ष भी बिहारशरीफ (06112–230071) एवं हिलसा (06111–291501) में चौबीसों घंटे संचालित रहेंगे। बैठक में प्रभारी उप विकास आयुक्त–सह–अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


## मंत्री ने 24 लाख से बनाये गये रोड का किया उद्घाटन




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ग्रामीण विकास सह सूचना जन–संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को नगर परिषद के वार्ड नम्बर 23 में नौलखा मंदिर गेट से धुर्वा मोड़ तक 24 लाख 1600 रुपये की लागत से रोड उखाड़ कर बनायी गयी सड़क का उदघाटन किया। कहा कि सूबे की सरकार हर वर्ग व समाज के लिए कार्य कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को एक नई पहचान दी है। राजगीर को विश्व पटल पर उभारने का काम किया है। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की योजनाएं राजगीर में शुरू की थी जो अब साकार हो चुके हैं और कुछ पर काम चल रहा है। वहीं राजगीर शहर को बेहतर बनाने के लिए मौजूदा सरकार भी काम कर रही है। शहर के हर वार्ड व गलियों को चकाचक किया जा रहा है। आने वाले पर्यटकों को परेशानी न हो सके इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना चलाकर गांवों को स्मार्ट बनाने का काम किया। गांवों के लोगों को अब शहरों जैसी सुविधाएं मिल रही है। सूबे में सड़कों का जाल बिछाया गया है। हर गांव व कस्बे को सड़क से जोड़ा गया है। पर्यटन स्थलों का काफी विकास किया गया। इसी कारण से अब बिहार में गोवा से भी अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। सूबे की एनडीए की सरकार हर तरह के विकास का कार्य कर रही है। लोगों को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। सरकार हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। इस मौके पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, जदयू के पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, सभापति जीरो देवी, मीडिया प्रभारी कुमार वेदनिधि, अजीत कुमार वर्मा, जदयू नेता सुबेन्द्र राजवंशी सहित अन्य मौजूद थे।


## मुहर्रम को लेकर बिहारशरीफ में तीन दिनों तक रहेगा विशेष ट्रैफिक प्लान, भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने बिहारशरीफ शहर में 25 जून से 27 जून 2026 तक विशेष यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), बिहारशरीफ एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिक. ारी (एसडीपीओ)–1 की ओर से संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, पर्व के दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी तथा विभिन्न मार्गों पर यातायात का संचालन वैकल्पिक मार्गों से कराया जाएगा। बरबीघा, अस्थावां, रहुई, बख्तियारपुर और राजगीर की ओर से आने वाली बसों, ट्रकों, मिनी बसों, ट्रैक्टरों तथा अन्य व्यावसायिक चारपहिया वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इन वाहनों को बाईपास एवं निर्धारित मार्गों से होकर गंतव्य तक भेजा जाएगा। आदेश के अनुसार, सोहसराय मोड़ से एतवारी बाजार, अस्पताल चौक, भरावपर, लहेरी थाना, गगनदीवान, सोगरा कॉलेज मोड़ से बड़ी दरगाह तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार खंदक मोड़, नवाब रोड, पुलपर, नाजो मॉल, महिला कॉलेज, कुमार सिनेमा, कटरा टीओपी, खचिया गली सहित शहर के कई




संवेदनशील मार्गों पर भी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। टना, नवादा और अन्य जिलों से आने वाली सरकारी बसों के लिए कारगिल बस स्टैंड को अस्थायी बस स्टैंड बनाया गया है। सभी सरकारी बसें बाईपास मार्ग से कारगिल बस स्टैंड तक आएंगी और वहीं से वापस जाएंगी। पर्व के दौरान बिहारशरीफ स्थित मुख्य सरकारी बस स्टैंड में किसी भी सरकारी बस का परिचालन नहीं होगा।यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन ने शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में नौ अस्थायी पार्किंग स्थल और 18 बैरियर (बैरिकेडिंग प्वाइंट) भी चिन्हित किए हैं। इन स्थानों पर वाहनों की पार्किंग और यातायात नियंत्रण की व्यवस्था रहेगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिहारशरीफ को सभी चिन्हित स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं पार्किंग संबंधी सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। इस कार्य में अंचलाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष सहयोग करेंगे।पुलिस अधीक्षक, नालंदा से 25 से 27 जून तक सभी बैरियर एवं पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया गया है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आदेश का सख्ती से पालन कराया जा सके। प्रशासन ने सभी वाहन चाल. कों एवं आम लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित ट्रैफिक प्लान का पालन करें तथा पर्व के दौरान वैक. ल्पिक मार्गों का उपयोग कर प्रशासन का सहयोग करें। इससे मुहर्रम जुलूस के दौरान विधि–व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

Mob:- 9931909825, 7004010773 Abhishek Kr. ( Reporter)
8271042705, 9546290822 (Pankaj Sale & Service)




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# राजगीर विधायक पर पीड़ित परिवार से नहीं मिलने का आरोप, पासवान समाज में नाराजगी का दावा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (बिहार)।** दीपनगर थाना क्षेत्र के गंज गांव के दो युवकों की राजगीर मलमास मेला क्षेत्र स्थित झुनकिया बाबा मंदिर के पास हुई हत्या के मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच राजद नेता रवि ज्योति ने आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद राजगीर के विधायक कौशल किशोर पीड़ित परिवार से मिलने नहीं पहुंचे हैं। रवि ज्योति ने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी विधायक का पीड़ित परिवार से मुलाकात नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि इसको लेकर पासवान समाज में भारी नारा. जगी है। पीड़ित परिजनों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि घटना के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता परिवार से मिलकर न्याय का भरोसा दिला रहे हैं, लेकिन स्थानीय विधायक अब तक गांव नहीं पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय वोट मांगने आने वाले



जनप्रतिनिधियों को लोगों के दुख–दर्द में भी साथ खड़ा होना चाहिए।रवि ज्योति ने कहा कि पासवान समाज के लोगों में इस बात को लेकर असंतोष है और वे चाहते हैं कि विधायक स्वयं पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में पहल करें।हालांकि, इस संबंध में राजगीर विधायक कौशल किशोर की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# राजगीर हत्याकांड के पीड़ित परिवारों से मिले लोजपा (रामविलास) के बिहार प्रभारी अरुण भारती, निष्पक्ष जांच की मांग

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजगीर के मलमास मेला क्षेत्र स्थित झुनकिया बाबा मंदिर के निकट पिंटू पासवान और श्रवण पासवान की भीड़ द्वारा हत्या किए जाने के मामले को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर बिहार प्रभारी सह सांसद अरुण भारती ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और न्याय का भरोसा दिलाया। अरुण भारती ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी तथा घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर मामले की निष्पक्ष, सघन और त्वरित जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए और दोषियों



को कानून के अनुसार सख्त सजा मिलनी चाहिए। पार्टी ने इस घटना को अत्यंत दुखद, निंदनीय और अमानवीय बताते हुए कहा कि सभ्य समाज में इस प्रकार की घटनाओं के लिए कोई स्थान नहीं है।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने यह भी जानकारी दी कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी जल्द ही पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देंगे तथा न्याय दिलाने की दिशा में हरसंभव प्रयास करेंगे।




## 17 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों और डॉक्टरों के दावे में अंतर
## हरनौत के मीराचक में किशोर की मौत से सनसनी, उठ रहे कई सवाल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** गोखुलपुर थाना क्षेत्र के बोधनगर बाजार स्थित मीराचक गांव में बुधवार की देर रात 17 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में चर्चा का माहौल है। मृतक की पहचान मीराचक निवासी मनोज राउत के पुत्र 17 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार के रूप में की गई है।परिजनों के ने बताया कि धर्मेंद्र घर की छत से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी टूट गई और वह उसमें फंसकर गर्दन के बल लटक गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। आनन–फानन में परिजन उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।हालांकि, मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब अस्पताल सूत्रों के अनुसार युवक के गले पर गहरे और काले निशान पाए गए। चिकित्सकों की प्रारंभिक आशंका है कि मामला सामान्य दुर्घटना से अलग भी हो सकता है। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारण की आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बिना संभव नहीं है। वही गोखुलपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले को लेकर अब तक थाना में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है और न ही पुलिस को आ. ैपचारिक सूचना दी गई है।बताया जाता है कि परिजन युवक के शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही निजी वाहन से घर लेकर चले गए। थाना में आवेदन दिया जाएगा उसके बाद इसकी जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण मौत के वास्तविक कारणों को लेकर रहस्य बना हुआ है। वही स्थानीय लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट मामले में साइबर थाना की बड़ी कार्रवाई, आरोपी माधव लाल कश्यप गिरफ्तार

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** सोशल मीडिया पर धार्मिक वैमनस्य फैलाने और सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न करने वाली कथित भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने के मामले में नालंदा साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पावापुरी थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव निवासी माधव लाल कश्यप (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है, जिसमें संबंधित फेसबुक आईडी लॉगिन मिली है। नालंदा पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, साइबर थाना की टीम ने सूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लगातार ऐसी सामग्री प्रसारित कर रहा था, जिससे धार्मिक विद्वेष और सामाजिक तनाव फैलने की आशंका थी। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित भड़काऊ वीडियो की जांच के क्रम में की गई है। इस मामले में पहले ही नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 169/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान मिले तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान बरामद मोबाइल फोन को विधिसम्मत तरीके से जब्त कर फॉरेंसिक एवं तकनीकी जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी द्वारा प्रसारित सामग्री का उद्देश्य क्या था तथा इसमें अन्य लोगों की भी संलिप्तता है या नहीं। पुलिस के अनुसार, माधव लाल कश्यप का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध फुलवारीशरीफ, गिरियक, बिहार थाना, पावापुरी थाना, नालंदा साइबर थाना, नवादा साइबर थाना तथा आर्थिक अपराध इकाई सहित विभिन्न थानों में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने, आईटी एक्ट एवं अन्य आपरा. धिक धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। नालंदा पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ, भ्रामक, धार्मिक विद्वेष फैलाने वाली अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री पोस्ट, शेयर या प्रसारित न करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है और कानून–व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सोशल मीडिया पर कथित भड़काऊ वीडियो मामले में साइबर थाना में केस दर्ज, जांच शुरू

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** सोशल मीडिया पर प्रसारित एक कथित भड़काऊ वीडियो के मामले में नालंदा साइबर थाना ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वीडियो में प्रयुक्त भाषा और कथित चेतावनी से सार्वजनिक शांति एवं कानून–व्यवस्था प्रभावित होने तथा विभिन्न समुदायों के बीच तनाव फैलने की आशंका है। पुलिस द्वारा दर्ज आवेदन के अनुसार, 22 जून 2026 को सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान फेसबुक पर एक वीडियो सामने आया। वीडियो में एक व्यक्ति सफेद शर्ट और गले में नीला गमछा पहने दिखाई देता है। गमछा में अमर ज्योति, प्रदेश अध्यक्ष, भीम आर्मी के रूप में दर्शाया गया है। पुलिस का आरोप है कि वीडियो में संबंधित व्यक्ति ने नालंदा पुलिस को चेतावनी देते हुए मंदिर में ताला लगाने तथा कथित असामाजिक तत्वों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की बात कही है। साइबर थाना के अनुसार, वीडियो में प्रयुक्त कथित बयान विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य, भय और सामाजिक अशांति का माहौल उत्पन्न कर सकते हैं। इसी कारण मामले को गंभीर मानते हुए इसकी जांच शुरू की गई है।पुलिस ने बताया कि इस घटनाक्रम से संबंधित राजगीर थाना कांड संख्या 411/26 एवं 412/26 पहले से दर्ज हैं। जांच एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि कहीं सोशल मीडिया पर प्रसारित इस सामग्री के माध्यम से अनुसंधान को प्रभावित करने, गवाहों पर दबाव बनाने अथवा सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास तो नहीं किया गया। इस मामले में नालंदा साइबर थाना ने कांड संख्या 169/26 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(2), 352, 353(2), 192 एवं 196 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस संबंधित फेसबुक अकाउंट, वीडियो की सत्यता तथा इसके प्रसारण से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# बिंद में ताड़ी पीने के दौरान विवाद, 50 वर्षीय व्यक्ति को मारी गोली

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट बिंद (नालंदा)।** नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी जितेंद्र यादव (50) को गुरुवार को बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घटना निरपुर गांव में हुई, जहां ताड़ी पीने के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपियों ने फायरिंग कर दी। गोली के छर्रे और बारूद लगने से जितेंद्र यादव के बाएं हाथ में गंभीर चोट आई है। घायल जितेंद्र यादव ने बताया कि वह गुरुवार सुबह किसी काम से निरपुर गांव गए थे। वहां ताड़ी पीने के दौरान अमरजीत ढाडी और उसके एक साथी बोलोरो ढाडी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिससे उनके बाएं हाथ में गोली के छर्रे लग गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिंद पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल में घायल का बयान दर्ज किया।



बिंद थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि पीड़ित ने अपने बयान में अमरजीत ढाडी और बोलोरो ढाडी पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। दोनों आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है, ताकि विवाद के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# मगध की लोकभाषा को मिले सम्मान, मगही विश्वविद्यालय बनाने की उठी मांग

## मगही केवल एक बोली नहीं, यह मगध की सांस्कृतिक पहचान है

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** मगही भाषा के संरक्षण, संवर्धन और अकादमिक विकास के लिए अब मगही विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग जोर पकड़ने लगी है। बिहारी वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मगही भाषा आंदोलन के प्रमुख संजय भाई ने राज्य सरकार से संस्कृत विश्वविद्यालय की तर्ज पर एक स्वतंत्र मगही विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समृद्ध इतिहास और व्यापक जनाधार के बावजूद मगही भाषा आज उपेक्षा का दंश झेल रही है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि यह भाषा धीरे–धीरे विलुप्ति के कगार पर पहुंच रही है। ऐसे में इसके संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए संस्थागत पहल आवश्यक है। उनका मानना है कि विश्वविद्यालय की स्थापना से भाषा के अध्ययन, शोध, साहित्य सृजन तथा नई पीढ़ी में इसके प्रचार–प्रसार को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मगही को अभी तक संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान नहीं मिल सका है। साथ ही यूजीसी–नेट जैसी राष्ट्रीय शैक्षणिक परीक्षाओं में भी इसे मान्यता नहीं मिली है, जो भाषा प्रेमियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने इसे भाषाई असमानता और उपेक्षा का प्रतीक बताया है। संजय भाई ने कहा कि मगही केवल एक बोली नहीं, बल्कि मगध की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की वाहक भाषा है। यह भगवान बुद्ध की ज्ञानभूमि, तपोभूमि तथा भगवान महावीर की कर्मभूमि की लोकभाषा रही है। इसकी साहित्यिक परंपरा और सांस्कृतिक योगदान अत्यंत समृद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि मगही बिहार के नालंदा, गया, नवादा, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, पटना, शेखपुरा, मुंगेर, जमुई और लखीसराय सहित कई जिलों में बोली जाती है। इसके अलावा झारखंड के हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, पलामू, गढ़वा, बोकारो और धनबाद क्षेत्रों में भी इसकी व्यापक उपस्थिति है। उन्होंने मगही भाषियों से भाषा आंदोलन से जुड़कर मगही विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए संगठित आवाज उठाने का आह्वान किया है।

# सुंदरपुर की सुरभि बनीं ग्रामीण विकास पदाधिकारी, विधायक ने किया सम्मानित

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** कतरीसराय प्रखंड के सुंदरपुर गांव की बेटी सुरभि कुमारी ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में ग्रामीण विकास पदाधिकारी पर (आरडीओ) के रूप में चयनित हुई। ग्रामीणों के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार ने सुरभि कुमारी को सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि सुरभि की सफलता क्षेत्र की बेटियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। सुरभि ने अपनी उपलब्धि से यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवा भी बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। निरंतर परिश्रम और समर्पण से सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। वहीं सुरभि कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता एवं भाई को दिया।



इस मौके पर रजनीश कुमार मुन्ना, रणवीर सिंह, तपेंद्र प्रसाद सिंह, सुधीर कुमार, पंकज कुमार, संतोष यादव, रामप्रवेश कुमार, पवन पटेल, विकास कुमार, रंजीत कुमार, रंजय कुमार, रजनीश कुमार, मनीष पांडे, मौली कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# फोरलेन किनारे गड्ढे से अज्ञात शव बरामद, इलाके में फैली सनसनी

## पंडितपुर में पानी के गहरे गड्ढे से मिली लाश, पहचान में जुटी पुलिस



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** राजगीर थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव के पास राजगीर–बिहारशरीफ फोरलेन सड़क किनारे स्थित पानी से भरे गहरे गड्ढे से गुरुवार की शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। शव मिलने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकालने के लिए अभियान शुरू किया। पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से शव को गड्ढे से बाहर निकाला गया। शव बरामद होने के बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव की स्थिति को देखते हुए यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि व्यक्ति की मौत कैसे हुई। मृतक के शरीर पर गंजी और लुंगी है। पुलिस ने मामले में किसी भी तरह की अटकलों से बचने की अपील की है। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।






# नालंदा में निकली नशा मुक्ति जागरूकता रैली, 26 जून को टाउन हॉल में होंगे विशेष कार्यक्रम

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन के तहत संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नालंदा में जिला स्तरीय जागरूकता रैली निकाली गई। जिले में 17 जून से 26 जून तक चल रहे अभियान के तहत आयोजित इस रैली में प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों, जीविका दीदियों, आशा कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया। रैली श्रम कल्याण मैदान से शुरू होकर हॉस्पिटल चौक, भैंसासुर होते हुए सोगरा स्कूल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशामुक्त नालंदा, नशामुक्त बिहार बनाने का संकल्प लिया। रैली में भूमि सुधार उपसमाहर्ता बिहारशरीफ विजय कुमार, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) प्राची रिया, प्रभारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जया कुमारी, सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा नामित चिकित्सक, जिला देशी चिकित्सा कार्यालय के पदाधिकारी, रेडक्रॉस एवं रोटरी क्लब के सदस्य, स्काउट एंड गाइड, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के पदाधिकारी एवं कर्मी, जीविका



दीदियां, आशा कार्यकर्ता, कार्यपालक सहायक, फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के प्रशिक्षु तथा शहर के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए।अभियान के तहत जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नशा मुक्ति से संबंधित होर्डिंग और बैनर भी लगाए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके। जिला प्रशासन ने बताया कि 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर बिहारशरीफ के टाउन हॉल में सुबह 10 बजे से नुक्कड़ नाटक, वाद–विवाद, संगीत एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं एवं आम लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया जाएगा।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 28 लोगों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने गुरुवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में 28 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जनता दरबार में नगर पंचायत परवलपुर के बेलदारीपर गांव में पिछले तीन वर्षों से पेयजल आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, नगर पंचायत परवलपुर को शीघ्र कार. ॅवाई करने का निर्देश दिया। उत्तरा गांव के एक आवेदक द्वारा जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने की मांग पर प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। नूरसराय प्रखंड के मध्य विद्यालय परासी के दो प्रखंड शिक्षकों के नियोजन रद्द करने संबंधी शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, नूरसराय एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। विशुनपुर बेलदारी गांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निजी मकान निर्माण किए जाने की शिकायत, सकुचीडीह गांव में ऑनलाइन जमा. बंदी के बावजूद उसे कायम नहीं किए जाने, सेवानिवृत्ति के बाद बकाया राशि का भुगतान नहीं होने, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं होने, भूमि की पुनः मापी, ऑनलाइन रसीद निर्गत नहीं होने तथा अन्य राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।बेदौली गांव के एक आवेदक द्वारा होमगार्ड प्रतीक्षा सूची से संबंधित मामले पर होमगार्ड कमांडेंट को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं नल–जल योजना के तहत बोरिंग एवं जलमीनार निर्माण के लिए चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी, हिलसा को आवश्यक कार. ॅवाई का निर्देश दिया गया। विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए जाने की शिकायत पर जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा पैक्स द्वारा धान बिक्री में कथित अनियमितता की शिकायत पर जिला सहकारिता पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जनता दरबार में प्राप्त अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए जिलाधिकारी ने सभी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# पीएम–अजय योजना के तहत नालंदा में कौशल एवं रोजगार मेला आयोजित, 436 अभ्यर्थी अगले चरण के लिए चयनित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम–अजय) के तहत गुरुवार को जिला नि. बंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी), दीपनगर आदर्श थाना के पीछे, बिहारशरीफ में कौशल एवं रोजगार मेला आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। मेले का उद्घाटन राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य डॉ. संजय कुमार दास, जिला कल्याण पदाधिकारी योगेंद्र कुमार तथा जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार दास ने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम–अजय) की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला कल्याण पदाधिक. ारी योगेंद्र कुमार ने अनुसूचित जाति के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अधिकाधिक




अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। नियोजन मेले का आयोजन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। रोजगार मेले में कुल सात नियोजक (कंपनियों) ने भाग लिया। मेले में लगभग 900 अभ्यर्थी शामिल हुए। विभिन्न कंपनियों द्वारा उपलब्ध 500 रिक्तियों के विरुद्ध 436 अभ्यर्थियों का अगले चरण की चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र की प्रबंधक श्रीमती कल्पना, जिला कल्याण शाखा, जिला नियोजनालय के सभी कर्मियों तथा जिला कौशल प्रबंधकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नालंदा में कृषि योजनाओं की समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने पर जोर




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के कृषि विभाग के अंतर्गत एनएसआरटीसी के निदेशक एवं आईएएस अधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को नालंदा जिले का दौरा कर कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं बीज व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीज बाजार सर्वेक्षण, बीज नमूना संग्रहण तथा किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था का जायजा लिया। निदेशक ने जिले के विभिन्न बीज विक्रेताओं एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर बाजार में उपलब्ध बीजों की गुणवत्ता, उपलब्धता और विपणन व्यवस्था की जांच की। बीज अधिनियम एवं नियमावली के अनुपालन की समीक्षा करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों से बीज के नमूने संग्रहित किए गए, जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में खरीफ मौसम के लिए बीजों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था एवं किसानों तक समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बीज विक्रेताओं को निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरएडी), एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), 1000 एफपीओ योजना तथा आरकेव. ीवाई स्टार्टअप योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसानों, कृषि उद्यमियों एवं संस्थाओं को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।समीक्षा के दौरान नालंदा जिले में मोती पालन को एक वैकल्पिक एवं लाभकारी कृषि उद्यम के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। निदेशक ने कहा कि तालाब आधारित इस गतिविधि के माध्यम से किसानों और युवाओं की आय बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने इच्छुक किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा योजनागत सहायता उपलब्ध कराने पर बल दिया। निदेशक मनोज कुमार ने कृषि विभाग के अधिकारियों को सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, किसानों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने तथा गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला कृषि कार्यालय के पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

# 7 व 21 जुलाई को नालंदा की पंचायतों में लगेंगे सहयोग शिविर, डीएम ने तैयारियों की समीक्षा की

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा की जिला. धिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 7 जुलाई एवं 21 जुलाई 2026 को पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले श्सहयोग शिविर अभियानश की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के सात निश्चय–3 के अंतर्गत श्सबका सम्मान, जीवन आसानश अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल तथा जिला स्तर के सरकारी कार्यालयों में आम नागरिकों की शिकायतों का सम्मानपूर्वक एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आम नागरिक अपनी शिकायतें, समस्याएं एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। बैठक में बताया गया कि 7 जुलाई को नूरसराय, हरनौत, रहुई, सिलाव, बिहारशरीफ, अस्थावां, बेन, हिलसा, एकंगरसराय, इस्लामपुर, चंडी एवं नगरनौसा प्रखंडों की चयनित पंचायतों में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे। वहीं 21 जुलाई को बिहारशरीफ, हरनौत, रहुई, एकंगरसराय, नूरसराय, अस्थावां, हिलसा, इस्लामपुर एवं चंडी प्रखंड की चयनित पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि पर पूर्वाह्न 10




बजे से शिविर का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिविर स्थल पर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, पंजीकरण, शिकायत प्राप्ति एवं त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था की जाए। प्राप्त सभी आवेदनों को पंजीकृत कर निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी लिखित सूचना आवेदकों को उपलब्ध कराई जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में शिविर संवाद समाधान पोर्टल के माध्यम से शिकायतों का पंजीकरण एवं निस्तारण किया जाएगा। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आम लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्व मामलों से जुड़े लंबित एवं निष्पादित वादों की सूची भी शिविर स्थल पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को शिविर का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक सूचना पहुंचाने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को शिविर के दौरान विधि–व्यवस्था, सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने–अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी लेकर शिविर में उपस्थित रहने तथा आम लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही शिविर की अध्यक्षता करने वाले अधिकारियों को शिविर समाप्ति के बाद विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्ता, प्रभारी उप विकास आयुक्त, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

